# University in News on 14 May 2025

## i-NEXT PAGE 3

### एलयू ने कराया भंडारा एवं प्रसाद वितरण



**LUCKNOW :** लखनऊ यूनिवर्सिटी के केमिस्ट्री डिपार्टमेंट की तरफ से मंगलवार को भंडारे एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ यूनिवर्सिटी के वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने किया. डिपार्टमेंट पिछले कई सालों से इस भंडारे का आयोजन करता आ रहा है. इस भंडारे में 6 हजार से अधिक लोगों ने पूड़ी सब्जी और प्रसाद का सेवन किया.

## JAGRAN CITY PAGE III



लखनऊ विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग में प्रथम बड़े मंगल पर आयोजित भंडारे में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने पूड़ी सब्जी व बूंदी वितरित की • लवि

## AMRIT VICHAR PAGE 07

### लविवि में कुलपति ने की पूजा-अर्चना

**अमृत विचार,** लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय के रसायन विभाग द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। विभाग प्रत्येक वर्ष 1936 से पहले बड़े मंगल पर इस भंडारे का आयोजन करता आ रहा है। इस वर्ष भंडारे का शुभारंभ लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय द्वारा पूजा अर्चना करके किया गया। इसके बाद उन्होंने श्रद्धालुओं को बूंदी और आलू-पूड़ी का प्रसाद वितरित किया। प्रो. मनुका खन्ना, प्रो. अनिल मिश्र, प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव व विभाग के सदस्य और विश्वविद्यालय के अनेक शिक्षक उपस्थित रहे। संचालन विभाग के शिक्षकगण, कर्मचारी एवं छात्रों द्वारा किया गया।